RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



इतने ही यदि गैंगस्टर, घूम रहे थे आम।
तो फिर पहले क्यों नहीं, किया गया यह काम।
किया गया यह काम, अभी क्यों छापे मारे।
तीन दिनों में पकड़, लिये सारे के सारे।
कह साहिल कविराय, और हैं बाकी कितने।
कैसे हैं धर लिये, तीन दिन में ही इतने।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 32 | FRIDAY 13-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# देर शाम तक चलती रही जेआरएस ईस्टमैन समूह पर इनकम टैक्स रेड, अभी 02 दिन तक कार्यवाही जारी रहने की चर्चाएं

## प्रोफेशनलिज्म और टैक्स कम्प्लाइंस में इंसीट्यूट के समान है समूह की साख

लुधियाना/नई दिल्ली, यूटर्न, 12 फरवरी। वीरवार सुबह करीब 6 बजे शुरू हुई इनकम टैक्स विभाग दिल्ली टीम की ईस्टमैन ग्रुप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई देर शाम समाचार लिखे जाने तक जारी रही। ईस्टमैन बैटरी, एडो बाईसाइकिल, हैंड टूल्स सहित एक्सपोर्ट कारोबार से जुड़े करीब 2500 करोड़ के जेआरएस ईस्टमैन ग्रुप के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की खबर ने पूरे देश के उद्योग जगत को हैरानी में डाल दिया जोकि दिन भर व्यापारिक गलियारे में चर्चा का विषय बना रहा। विभाग की टीमें एक साथ दिल्ली, गुरुग्राम, लुधियाना, हिमाचल प्रदेश समेत कई शहरों में स्थित ईस्टमैन ग्रुप के दफ्तरों, फैक्ट्रियों और आवासीय परिसरों पर पहुंचीं और जाँच की कार्यवाही को अंजाम दिया। विभागीय सूत्रों की माने तो कार्यवाही आगामी दो तीन दिन जारी रहने के संकेत है।

गौरतलब है की प्रोफेशनलिज्म के दृष्टिकोण से बिजनेस जगत में जेआरएस ईस्टमैन समहू को अपने आप में एक प्रतिष्ठित इंसीट्यूट की संज्ञा दी जाती है।










Eastman® to help you work better...

जिसका श्रेय कम्पनी के चेयरमैन जेआर सिंगल को जाता है जिनकी लीडरशिप में समहू ने देश दुनिया में मजबूत साख कायम की है वही कोविड के दौरान समय की नजाकत को भांपते हुए एमडी शेखर सिंगल ने बैटरीज सैक्टर में प्रवेश कर बड़े बड़े धुरंधरों को पिछाड़ हैरानी जनक ग्रोथ दर्ज की है। कम्पनी की एकाएक बड़ी ग्रोथ देश विदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है ! शायद विभाग भी इसी ग्रोथ के आधार पर टैक्स ग्रोथ में असामान्यताओं के आशंकित संकेतों के तहत कार्यवाही को अंजाम दे रहे है।

सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति, टैक्स चोरी और वित्तीय लेन-देन में अनियमितताओं की जांच को लेकर की जा रही है। टीमों ने दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड, अकाउंट बुक्स और अन्य अहम फाइलों की गहन जांच शुरू कर दी है। कुछ स्थानों पर कर्मचारियों और अधिकारियों से पूछताछ भी की जा रही है। बताया जा रहा है कि ईस्टमैन ग्रुप का कारोबार देश-विदेश में फैला हुआ है और बैटरी, साइकिल व हैंड टूल्स सेक्टर में इसकी मजबूत पकड़ है। ऐसे में विभाग को बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की आशंका है। इनकम टैक्स विभाग की ओर से फिलहाल आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन कार्रवाई अभी भी जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि रेड में कितना अघोषित लेन-देन या संपत्ति सामने आती है। शहर में इस कार्रवाई को लेकर व्यापारिक जगत में चर्चा तेज है।

### उद्योग जगत में हड़बड़ाहट

अगर कुछ ना मिला तो टैक्स कम्प्लाइंस को लेकर टूटेगा उद्योग जगत का मनोबल ईस्टमैन समूह पर चल रही कार्यवाही के कारण नार्थ इण्डिया के कारोबार जगत में बड़ी हड़बड़ाहट का माहौल है कारोबारियों में चर्चा है की अगर इतने प्रोफैशनल और टैक्स कम्प्लाइंस ग्रुप पर इनकम टैक्स रेड हो सकती है तो बाजार में 90 % समहू तो इनके मुकाबल टैक्स कम्प्लाइंस फिल्ड में कुछ भी नहीं है। ऐसे में विभागीय कार्यवाही से भगवान ही बचाए। वही अगर ऐसे कारोबारी भी आईटी रेड्स में कवर होंगे तो टैक्स कम्प्लाइंस मामले में उद्योग जगत का मनोबल टूटना जायज है। हलांकि सच्चाई क्या है यह तो विभाग की औपचारिक जानकारी के बाद ही सामने आएगा।

# खन्ना में इमिग्रेशन माफिया पर पुलिस का बड़ा अटैक, 10 अवैध सेंटर ध्वस्त

## एसएसपी दर्पण आहलूवालिया की अगुवाई में ऑपरेशन प्रहार-2, 30 पासपोर्ट, 175 चेकबुक और दर्जनों सिस्टम जब्त



खन्ना, यूटर्न, 12 फरवरी। खन्ना में युवाओं के सपनों से खिलवाड़ करने वाले इमिग्रेशन माफिया पर पुलिस ने करारा प्रहार किया है। पंजाब पुलिस के विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार-2 के तहत एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया की सख्त अगुवाई में पुलिस टीमों ने जीटीबी मार्केट स्थित एजुकेशन हब में एक साथ छापेमारी कर 10 गैरकानूनी इमिग्रेशन सेंटरों को बेनकाब कर दिया। कार्रवाई से पूरे नेटवर्क में हड़कंप मच गया है। एसएसपी के आदेश पर गठित 10 टीमों ने योजनाबद्ध तरीके से रेड कर सेंटरों से 30 पासपोर्ट, 34 कंप्यूटर-लैपटॉप-टैब, 15 एटीएम कार्ड और 175 चेकबुक (कई पहले से साइन) जब्त कीं। इसके अलावा भारी मात्रा में डिजिटल डाटा और फर्जी दस्तावेज कब्जे में लिए गए हैं, जो करोड़ों के अवैध लेन-देन की ओर इशारा करते हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि संचालक गैंगस्टरों से मिलीभगत कर फर्जी वीजा, पासपोर्ट और दस्तावेजों के जरिए युवाओं को विदेश भेजने का रैकेट चला रहे थे। कई पीड़ित सामने आए हैं, जिनकी गाढ़ी कमाई इन सेंटरों ने डकार ली। एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने साफ चेतावनी दी, युवाओं के भविष्य से खेलने वालों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी गई है। खन्ना में अवैध इमिग्रेशन कारोबार के दिन अब गिने-चुने हैं।

Uturn Time 13 Feb 2026_Layout 2 12-02-2026 23:40 Page 2



Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.




# चंडीगढ़ औद्योगिक मुद्दों पर केंद्र का रुख साफ: निर्णय का अधिकार प्रशासन के पास, उद्योगों को अभी और इंतजार

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। चंडीगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े अहम मुद्दों पर केंद्र सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि अधिकांश विषय चंडीगढ़ प्रशासन और गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। सांसद मनीष तिवारी द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में केंद्र ने सीधे तौर पर कोई ठोस राहत या समयसीमा घोषित नहीं की, जिससे औद्योगिक इकाइयों को फिलहाल इंतजार ही करना होगा।

लोकसभा में प्रश्न संख्या 2096 के माध्यम से सांसद तिवारी ने औद्योगिक क्षेत्र में सीमित निर्माण अनुपात (एफएआर), लीज होल्ड से फ्रीहोल्ड स्वामित्व, भवन उल्लंघन नोटिस और एकमुश्त राहत योजना जैसे मुद्दों को उठाया था।



## निर्माण अनुपात पर क्या कहा गया?

सरकार ने अपने जवाब में बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में शुरूआत में 0.5 निर्माण अनुपात की अनुमति थी, जिसे बाद में 0.6 और फिर 0.75/1.00 तक बढ़ाया गया। हालांकि पंजाब और हरियाणा में 2.5 से 3.0 तक निर्माण अनुपात की अनुमति की तुलना में चंडीगढ़ में अधिक लचीले मानकों को लेकर केवल 'विचार' किए जाने की बात कही गई है।23 जनवरी 2026 को उपायुक्त-सह-एस्टेट अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो भवन नियमों की समीक्षा कर रही है, लेकिन अंतिम निर्णय या समयसीमा तय नहीं की गई है।

## फ्रीहोल्ड प्रस्ताव पर 'ना'

औद्योगिक और वाणिज्यिक भूखंडों को पट्टाधारित से पूर्ण स्वामित्व (फ्रीहोल्ड) में बदलने के प्रस्ताव को गृह मंत्रालय ने स्वीकार नहीं किया है। सरकार ने कहा कि यह विषय प्रशासन और गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है और किसी भी नियमितीकरण को संबंधित नियमों के तहत प्रकरण-दर-प्रकरण आधार पर देखा जाएगा।

## कोई वन-टाइम सेटलमेंट नहीं

भवन उल्लंघनों के लिए फिलहाल कोई एकमुश्त राहत योजना लागू नहीं है। दंड प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा गया है, जिस पर निर्णय अभी लंबित है। मंत्रालय ने कहा कि वह एमएसएमई के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन सभी निर्णय स्थानीय कानूनों के तहत ही होंगे।

## तिवारी ने उठाए सवाल

सांसद मनीष तिवारी ने केंद्र के जवाब को निराशाजनक बताते हुए कहा कि बीते बीस महीनों में संसद और संसद के बाहर उठाए गए मुद्दों के जवाबों से यह स्पष्ट होता है कि चंडीगढ़ की समस्याओं के समाधान को लेकर इच्छाशक्ति की कमी है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नीतियों में सुधार न होने के कारण चंडीगढ़ विकास की दौड़ में मोहाली, पंचकूला और न्यू चंडीगढ़ से पिछड़ रहा है। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो शहर निवेश आकर्षित करने की प्रतिस्पर्धा में और पीछे चला जाएगा।

# सुखना चो पर बन रहा पुल बना मुसीबत, कच्चे रास्ते में धंसीं दो गाड़ियां

## निर्माण कार्य ठप, लोगों ने सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की मांग की

जीरकपुर, यूटर्न, 12 फरवरी। बलटाना स्थित सुखना चो पर निर्माणाधीन पुल इन दिनों राहत की बजाय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अधूरे निर्माण और अस्थायी कच्चे रास्ते के कारण क्षेत्रवासियों व रोजाना आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुवार सुबह स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब पुल के ऊपर बनाए गए अस्थायी कच्चे मार्ग पर दो वाहन मिट्टी में धंस गए। बताया जा रहा है कि सड़क पर डाली गई ढीली मिट्टी और कीचड़ के कारण वाहनों के पहिए फिसलकर गहराई तक धंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को बाहर निकाला। इस दौरान मार्ग पर लंबा जाम लग गया और राहगीरों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।

> हमारा अभी साइट पर काम चल रहा है। हम इस रास्ते को अब जल्द ही बंद करेंगे।
> — जसपाल सिंह, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी


स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से निर्माण कार्य लगभग ठप पड़ा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। पुल अधूरा होने के कारण लोगों को मजबूरन असुरक्षित और कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जो बारिश या नमी के समय और अधिक खतरनाक हो जाता है।

पुल बंद होने से लोगों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इससे दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, स्कूल जाने वाले बच्चों और व्यापारियों को रोजाना देरी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार एंबुलेंस और अन्य आपात सेवाओं को भी रास्ता बदलना पड़ता है, जिससे जोखिम बढ़ सकता है। कच्चे मार्ग पर बड़े गड्ढे और ढीली मिट्टी हादसों को न्योता दे रहे हैं, जबकि भारी वाहनों की आवाजाही से स्थिति और बिगड़ गई है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि या तो निर्माण कार्य तुरंत दोबारा शुरू किया जाए या फिर अस्थायी रूप से मजबूत और सुरक्षित मार्ग तैयार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# पंजाब में 56 लाख से ज्यादा वाहन बिना बीमा, लोकसभा में केंद्रीय मंत्री ने साझा किए आंकड़े

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। पंजाब में 56.54 लाख से अधिक वाहन बिना वैध बीमा के सड़कों पर चल रहे हैं। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में दी। उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के तहत प्रत्येक वाहन के लिए बीमा अनिवार्य है, लेकिन कई राज्यों में इसका पालन संतोषजनक नहीं है। होशियारपुर से सांसद राजकुमार चब्बेवाल के सवाल के जवाब में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में 1.19 करोड़ से अधिक और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 2.19 लाख वाहन ऐसे हैं जिनका बीमा नहीं है।



## हरियाणा में भी बड़ी संख्या

हरियाणा में 41.61 लाख वाहन बिना बीमा के चल रहे हैं। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना की स्थिति में बिना बीमा वाहन मालिकों और पीड़ितों दोनों के लिए गंभीर आर्थिक संकट का कारण बन सकते हैं।

## चंडीगढ़ अपेक्षाकृत बेहतर, फिर भी चुनौती

देश के कई राज्यों की तुलना में चंडीगढ़ में बीमा अनुपालन बेहतर माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद 2 लाख से अधिक वाहन बिना बीमा के दर्ज किए गए हैं, जो चिंता का विषय है।

## कानून क्या कहता है?

मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के तहत थर्ड पार्टी बीमा अनिवार्य है। बिना बीमा वाहन चलाने पर जुमार्ना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके साथ ही वाहन की फिटनेस और पंजीकरण की वैधता भी आवश्यक है।

## सड़क सुरक्षा पर असर

हरियाणा जैसे राज्यों में हर साल हजारों सड़क दुर्घटनाएं दर्ज होती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बीमा रहित वाहनों की बड़ी संख्या दुर्घटनाओं के बाद मुआवजे की प्रक्रिया को जटिल बना देती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों को नियमों के सख्त अनुपालन और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# 6 ग्राम कथित हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/फरवरी। थाना सिद्धवां बेट पुलिस ने गश्त एवं जांच के दौरान एक व्यक्ति को कथित रूप से हेरोइन सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। जानकारी देते हुए एएसआई राजविंदरपाल सिंह ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ बस अड्डा गिदड़विंडी में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक मुखबिर से सूचना मिली कि रविंदर सिंह उर्फ रवि पुत्र ओम प्रकाश निवासी खोलियां वाला पुल, मलसीहा बाजण, थाना सिद्धवां बेट कथित रूप से हेरोइन लेकर नहर की पगडंडी के रास्ते गांव गिदड़विंडी की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर उक्त व्यक्ति को काबू किया। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लगभग 6 ग्राम कथित हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

Uturn Time 13 Feb 2026_Layout 2 12-02-2026 23:40 Page 3





पेज 06 आंखड यज्ञ में आहुतियां डालने से बदलती हैं...

# लुधियाना नगर निगम में 'डिजिटल युग' की शुरूआत: पेपरलेस होगा सदन, ई-ऑफिस से रुकेगी फाइलों की देरी

लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। नगर निगम की कमान संभालते ही नवनियुक्त कमिश्नर आईएएस डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने निगम की कार्यप्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और आधुनिक बनाने का बिगुल फूंक दिया है। एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य फोकस ई-ऑफिस (e-Office) को सशक्त बनाना है ताकि आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।



## पारदर्शिता और गोपनीयता पर जोर

कमिश्नर ने बताया कि डिजिटल प्रणाली से न केवल कागजों की बबार्दी रुकेगी, बल्कि सदन की गोपनीयता (Secrecy) भी मजबूत होगी। केवल तकनीकी रूप से जटिल फाइलों को ही भौतिक रूप (Physical mode) में लाया जाएगा, बाकी सारा काम क्लाउड-बेस्ड सिस्टम पर होगा।

''हमारा लक्ष्य लुधियाना को एक ऐसा सिस्टम देना है जहाँ फाइलें नहीं, बल्कि काम दौड़ें। ई-ऑफिस से जनता की समस्याओं का निपटारा अब रियल-टाइम में संभव हो सकेगा।''
— डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता, कमिश्नर, नगर निगम लुधियाना

## हाइलाइट्स: स्मार्ट गवर्नेंस की ओर बढ़ते कदम

**1 करोड़ का डिजिटल निवेश:** निगम हाउस की बैठकों को हाई-टेक बनाने के लिए करीब 1 करोड़ रुपये की लागत से आई-पैड (iPads) खरीदने की मंजूरी दी गई है।

**95 पार्षदों को मिलेगी सौगात:** लुधियाना के सभी 95 वार्डों के पार्षदों और संबंधित स्टाफ को ये आई-पैड दिए जाएंगे, जिससे सदन का एजेंडा अब 'पेपरलेस' तरीके से साझा होगा।

**फाइल ट्रैकिंग सिस्टम:** 'ई-निगम' पोर्टल के तहत अब फाइलें ऑनलाइन मूव होंगी। इससे किसी भी स्तर पर होने वाली देरी की जवाबदेही तय होगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

## अवैध निमार्णों पर 'जीरो टॉलरेंस'

कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल ने बिल्डिंग ब्रांच की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अब हर वीरवार को एटीपी (ATP) और बिल्डिंग इंस्पेक्टर्स के साथ विशेष समीक्षा बैठक होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध कॉलोनियों के निर्माण में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। जोन-अ में अवैध निर्माण की शिकायतों पर तत्काल रिपोर्ट तलब की गई है।

# लुधियाना-मंडी गोबिंदगढ़ में 'ट्रक लूट गैंग' का आतंक, 20 दिन में 3 वारदातें, 40-40 टन माल गायब

## फैक्ट्रियों के बाहर पार्किंग ही ट्रक उड़ाए, क्या मंत्री जी लेंगे कमपुतों की समस्या का संज्ञान ?

लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। अब तक आपने चंबल के डकैत, पीएनबी घोटाला या कुख्यात काला कच्छा चोर की कहानियां सुनी होंगी, लेकिन इन दिनों पंजाब के औद्योगिक शहर लुधियाना और मंडी गोबिंदगढ़ में एक नया और बेहद शातिर 'ट्रक चोर गैंग' कारोबार जगत में दहशत फैला रहा है। गैंग का तरीका जितना फिल्मी है, उतना ही चौंकाने वाला भी—देर रात फैक्ट्रियों के बाहर कम्पनी पार्किंग में खड़े 40-40 टन माल से लदे ट्रक चोरी हो रहे हैं और मंडी गोबिंदगढ़ से निकले ट्रक लुधियाना पहुंचने से पहले ही रास्ते से गायब हो रहे हैं।

हर वारदात में एक बात समान है—ड्राइवरों को वारदात की जगह पर किसी चीज से बांध दिया जाता है और ट्रक माल समेत गायब कर दिया जाता है। पिछले सिर्फ 20 दिनों में तीन बड़ी वारदातें सामने आ चुकी हैं। दो मामलों में ट्रक का आज तक कोई सुराग नहीं मिला, जबकि एक केस में लुधियाना से चोरी हुआ ट्रक रोहतक से बरामद






हुआ, लेकिन उसमें लदा लाखों रुपये का स्टील स्क्रैप और सरिया का कुछ अता पता नहीं है ।सूत्रों के मुताबिक पहली वारदात 15 जनवरी के आसपास फोकल प्वाइंट एरिया में वर्धमान स्टील के नजदीक, दूसरी 24 जनवरी को जीटी रोड स्थित स्टील कंपनी की पार्किंग से, और तीसरी 10 फरवरी की रात मंडी गोबिंदगढ़ से स्क्रैप लेकर निकले ट्रक के गायब होने की है। घटनाओं से इंडस्ट्री में हड़कंप मच गया है। एक उद्योगपति ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'हम करोड़ों का माल ट्रकों में भेजते हैं। अगर ट्रक ही सुरक्षित नहीं तो कारोबार कैसे चलेगा ? यह गैंग पुलिस सिस्टम की पोल खोल रहा है।'एक ट्रांसपोर्टर ने बताया, 'ड्राइवरों को बांधकर ट्रक ले जाना मामूली चोरी नहीं, यह संगठित अपराध है। हाईवे और इंडस्ट्रियल एरिया में सुरक्षा नाम की चीज नहीं बची।'

उद्योग जगत का कहना है कि एकतरफ पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा की पंजाब इन्वेस्ट जैसे रोड शो एवं अन्य कार्यशैली देश विदेश के कारोबारियों को पंजाब में निवेश के लिए लुभा रही है लेकिन इस तरह की वारदातें निवेशकों का भरोसा तोड़ रही हैं। कारोबारियों की मंशा है की कैबिनेट मंत्री अरोड़ा तुरंत मामले में हस्तक्षेप कर मामले का संज्ञान ले और कारोबारियों को सुरक्षित माहौल प्रदान हो।

कारोबारियों की मांग है कि स्पेशल टास्क फोर्स, सीसीटीवी नेटवर्क, ट्रक ट्रैकिंग सिस्टम और इंटर-स्टेट कोऑर्डिनेशन के जरिए इस गैंग को तुरंत पकड़ा जाए, वरना लुधियाना और मंडी गोबिंदगढ़ की इंडस्ट्री पर इसका बड़ा नकारात्मक असर पड़ेगा। वही मंडी से लुधियाना तक हाइवे पर निरंतर पेट्रोलियम की गश्त तैनात की जाए तांकि भविष्य में ऐसी वारदातों पर नकेल कासी जा सके।

# राहों रोड पर दर्दनाक हादसा: तेज रफ्तार टिप्पर की टक्कर से फैक्ट्री वर्कर की मौत, लोगों ने लगाया जाम

लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। थाना बस्ती जोधेवाल के अधीन राहों रोड पर वीरवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में फैक्ट्री वर्कर की मौत हो गई। तेज रफ्तार टिप्पर ने सड़क किनारे जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भयानक थी कि टिप्पर चालक युवक को कई मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखीमपुर का रहने वाला था। वह लंबे समय से लुधियाना में रहकर एक फैक्ट्री में काम कर रहा था। रोजाना की तरह वीरवार सुबह भी वह ड्यूटी पर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। गुस्साए स्थानीय निवासियों ने राहों रोड पर टिप्परों की आवाजाही रोककर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों का आरोप है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार भारी वाहनों का आतंक है और पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्ती और दोषी चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। फरार टिप्पर चालक की तलाश के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि राहों रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



मृतक सुनील की फाइल फोटो

# GNE कॉलेज में थैलेसीमिया से बचे लोगों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया



सुनील पांडेय

लुधियाना / यूटर्न / इंसानियत की भलाई के लिए, गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज लुधियाना में भाई घनैया जी मिशन सेवा सोसाइटी ने NSS विंग के प्रोजेक्ट ऑफिसर जसवीर सिंह के सपोर्ट से, सोसाइटी के चीफ सेवादार जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा की लीडरशिप में 866वां बड़ा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया। इस बड़े ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन करते हुए, प्रिंसिपल सहजपाल सिंह ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की भलाई के लिए लगाए गए बड़े ब्लड डोनेशन कैंप की तारीफ की और कहा कि इस पहल से कई कीमती इंसानों की जान बचाई जा सकती है। साल में तीन से चार बार ब्लड डोनेट करने से बड़ी बीमारियों से राहत मिलती है और हम हेल्दी रह सकते हैं। इस मौके पर प्रिंसिपल सहजपाल सिंह ने ब्लड डोनेट करने वाले स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट और निशान देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर भाई घनैया जी मिशन सेवा सोसाइटी (RSS) के चीफ सेवादार जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा ने कहा कि BTO सिविल हॉस्पिटल ब्लड बैंक की मदद से डॉ. अमनप्रीत कौर द्वारा इकट्ठा किया गया खून थैलेसीमिया से बचे लोगों को फ्री में दिया जाएगा।

# पंचकूला पुलिस की तत्परता से दो नाबालिग लड़कियां सकुशल बरामद



पंचकूला, यूटर्न, 12 फरवरी। मढ़ावाला क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियां घर वालों से किसी बात से नाराज होकर बिना बताए कहीं चली गई।

परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने मढ़ावाला पुलिस पोस्ट में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। सूचना मिलते ही पंचकूला पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता व लोकेशन ट्रेसिंग के माध्यम से दोनों लड़कियों का पता लगाते हुए उन्हें दिल्ली से सुरक्षित बरामद किया। मढ़ावाला पुलिस पोस्ट की टीम ने एएसआई राजवीर सिंह के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चियों को सकुशल उनके परिवार के सुपुर्द किया।

बच्चियों के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा: 'पुलिस की प्राथमिकता बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। किसी भी गुमशुदगी की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाती है।

# क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने मकान से एसी की तांबे की पाइप चोरी करने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार, चोरीशुदा माल बरामद

पंचकूला, यूटर्न, 12 फरवरी। सेक्टर-14 पंचकूला में दर्ज एक चोरी के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा तांबे की पाइपें बरामद की गई हैं। 6 फरवरी को एक शिकायतकर्ता निवासी सेक्टर-17 पंचकूला ने शिकायत दी कि उनके मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। कुछ माह पूर्व अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन व बैग चोरी किया गया था तथा हाल ही में रात के समय उनके मकान से एसी की 5-6 तांबे की पाइपें चोरी कर ली गई। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-14 पंचकूला में धारा 305, 331(4), 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने द्वारा 11 फरवरी को गुप्त सूत्रों के आधार पर आरोपी विकास भट्ट (उम्र 34 वर्ष) निवासी ढकोली, जिला मोहाली (पंजाब) को काबू किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से हरे रंग के थैले में रखी टूटी हुई तांबे की पाइपें बरामद की गई। मामले में एक अन्य सह-आरोपी की गिरफ्तारी शेष है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



# पंचकूला में वैलेंटाइन डे पर ग्रैंड म्यूजिक नाइट, 14 फरवरी को DJ Manj की धमाकेदार परफॉर्मेंस

पंचकूला, यूटर्न, 12 फरवरी। वैलेंटाइन डे के मौके पर ट्राईसिटी में जश्न का माहौल और भी खास होने जा रहा है। 14 फरवरी



(शनिवार) को पंचकूला में एक भव्य वैलेंटाइन स्पेशल म्यूजिक नाइट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं और कपल्स के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। यह ग्रैंड इवेंट रात 10 बजे से शुरू होगा और देर रात तक चलेगा। इस हाई-वोल्टेज म्यूजिकल नाइट में मशहूर डीजे मंजीत (DJ Manj) अपने धमाकेदार बीट्स और एनर्जेटिक मिक्स के साथ माहौल को रोमांटिक और जोशीला बनाएंगे। उनके साथ आकाश सपोर्टिंग आर्टिस्ट के तौर पर स्टेज संभालेंगे, जो दर्शकों को लगातार एंटरटेन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन मोनावाला एट बाक्को (Monewala at Baacko), SCO-327, दूसरी मंजिल, सेक्टर-9, पंचकूला में किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि वेन्यू को वैलेंटाइन थीम पर खास सजाया जाएगा, जहां लाइटिंग, साउंड और डेकोरेशन के विशेष इंतजाम रहेंगे। आयोजकों के अनुसार, यह नाइट खास तौर पर युवाओं और कपल्स के लिए डिजाइन की गई है, जहां म्यूजिक, डांस और रोमांटिक माहौल के बीच वैलेंटाइन डे को यादगार बनाया जाएगा। ट्राईसिटी के कई म्यूजिक लवर्स और पार्टी एंथुजियास्ट्स के इस कार्यक्रम में पहुंचने की उम्मीद है। बुकिंग और जानकारी के लिए संपर्क करें: 96535-331, 98881-65550, वैलेंटाइन डे पर पंचकूला में होने जा रहा यह आयोजन शहर की सबसे बड़ी पार्टी नाइट्स में से एक माना जा रहा है।

# वार्ड 19 में स्वास्थ्य क्रांति: पार्षद निधि गुप्ता की पहल पर 200 से अधिक लोगों ने कराया फ्री चेकअप, विधायक भोला ने थपथपाई पीठ

लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। 12 फरवरी, 2026 सेक्टर-39 स्थित मिनी रोज गार्डन आज 'सेवा और सेहत' का केंद्र बन गया, जहां वार्ड नंबर 19 की पार्षद एडवोकेट निधि गुप्ता द्वारा एक विशाल फ्री मेडिकल चेकअप और ब्लड डोनेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में न केवल मरीजों को मुफ्त दवाएं और परामर्श मिला, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर समाज सेवा की मिसाल पेश की।



**प्रमुख अतिथियों ने की सराहना...** कैंप का उद्घाटन लुधियाना ईस्ट के विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने किया। विधायक भोला ने पार्षद निधि गुप्ता की जनहितैषी सोच की सराहना करते हुए कहा, रऐसे स्वास्थ्य शिविरों की आज सबसे अधिक जरूरत है, जो आम आदमी को उनके घर के नजदीक विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं।

**दिग्गज अस्पतालों का मिला सहयोग...** कैंप को शहर के प्रतिष्ठित अस्पतालों—अपोलो, एस.पी.एस., रमेश आई हॉस्पिटल, बाबा जसवंत डेंटल कॉलेज और एकाई हॉस्पिटल—का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में:

**स्पेशलिस्ट परामर्श:** गायनेकोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, डेंटल और मेडिसिन विशेषज्ञों ने 200 से अधिक लोगों की जांच की। नि:शुल्क टेस्ट: फुल बॉडी चेकअप के साथ ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी और आंखों की आधुनिक मशीनों से जांच की गई।

**समाज सेवा ही प्राथमिकता:** निधि गुप्ता

पार्षद एडवोकेट निधि गुप्ता ने कहा कि वार्डवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने इस आयोजन की सफलता के लिए वर्धमान स्टील मिल की टीम, विशेषकर अमित धवन और हरनिक सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पार्षद पति अभिषेक गुप्ता, प्रदीप मित्तल, मनजीत सिंह चौहान, बलदेव सिंह और वार्ड के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने सुचारू प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# परीक्षा सत्र में शोर पर सख्ती, रात 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम पर रोक



चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। परीक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने शहर में ध्वनि प्रदूषण को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। गुरुवार को सेक्टर-9 स्थित पुलिस मुख्यालय में यूटी चंडीगढ़ की महिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (W/SSP) कंवरदीप कौर, आईपीएस की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की सभी डीजे एसोसिएशनों के प्रतिनिधि, होटल, मैरिज पैलेस, बैंक्वेट हॉल, क्लब और अन्य कार्यक्रम स्थलों के मालिक व प्रबंधक शामिल हुए। बैठक में सार्वजनिक और निजी स्थानों पर साउंड सिस्टम के उपयोग को नियंत्रित करने तथा Noise Pollution (Regulation and Control) Rules के सख्त पालन पर चर्चा की गई। रढ कंवरदीप कौर ने स्पष्ट किया कि परीक्षा अवधि के दौरान छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस ने सभी प्रतिष्ठानों को निर्देश दिए हैं कि वे दिन और रात्रि समय के ध्वनि नियंत्रण नियमों का कड़ाई से पालन करें। रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का लाउड साउंड सिस्टम संचालित नहीं किया जाएगा। साथ ही साउंड सिस्टम से जुड़े किसी भी कार्यक्रम के आयोजन से पहले सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आवासीय क्षेत्रों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए गए हैं। रढ ने साफ चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आयोजक, स्थल प्रबंधक तथा डीजे संचालक व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

# थाना यातायात सूरजपुर की टीम ने टोल प्लाजा चंडीमंदिर से मल्लाह मोड़ तक अवैध अतिक्रमण हटवाया

पंचकूला, यूटर्न, 12 फरवरी।आज थाना यातायात सूरजपुर टीम द्वारा एसआई अभिषेक के नेतृत्व में टोल प्लाजा चंडीमंदिर से मल्लाह मोड़ तक सड़क पर अवैध रूप से लगी रेहड़ी-फड़ी एवं ठेलों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित



बनाया जा सके। इस कार्रवाई से सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या में राहत मिलेगी तथा आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। पंचकूला पुलिस द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

**यातायात पुलिस की अपील:** सड़क पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अतिक्रमण न करें। यातायात नियमों का पालन करें और शहर को सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने में पुलिस का सहयोग करें।

चंडीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शुक्रवार, 13 फरवरी 2026



पेज 08 श्री महाकाल सेवा मंडल की ओर से विशाल....

## राहुल गांधी को संसद से अयोग्य ठहराने की पहल, BJP सांसद निशिकांत दुबे ने शुरू की औपचारिक प्रक्रिया

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद से अयोग्य ठहराने की दिशा में भाजपा ने पहला औपचारिक कदम उठा दिया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कराने के लिए लोकसभा सचिवालय में प्रक्रिया शुरू करते हुए नोटिस दाखिल किया है। यह कदम राहुल गांधी और भाजपा सांसदों के बीच लगातार चल रहे तीखे टकराव के बीच उठाया गया है, जिसमें पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब के कथित सकुर्लेशन का मामला भी शामिल है।

निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशी ताकतों से जुड़े नजर आते हैं और जानबूझकर संसद के मंच का इस्तेमाल देश की छवि खराब करने के लिए कर रहे हैं। दुबे ने कहा, 'राहुल गांधी को कौन फंडिंग कर रहा है? उन्हें अनपब्लिश्ड किताब कैसे मिली? लोकसभा को उनकी सदस्यता पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।'

नोटिस में कहा गया है कि राहुल गांधी लगातार रक्षा, वित्त, वाणिज्य और विदेश नीति जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता को गुमराह करते हैं। साथ ही उन पर 'सोरोस फाउंडेशन' से जुड़े होने और देश को अंदर से अस्थिर करने की कोशिश करने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

भाजपा का आरोप है कि 11 फरवरी 2026 को संसद में दिए भाषण के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय कॉर्पोरेट घरानों पर गंभीर आरोप लगाकर बैंकिंग सिस्टम को बदनाम करने की



कोशिश की। यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी की संसद सदस्यता पर सवाल उठे हों। मार्च 2023 में मानहानि मामले में सजा के बाद उन्हें लोकसभा से अयोग्य ठहराया गया था, हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली थी। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि निशिकांत दुबे मंत्री बनने की लालसा में इस तरह के बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इन्हें प्रिविलेज मोशन का मतलब भी नहीं पता।'

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने भाजपा पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी की बातों को रिकॉर्ड से हटाया जाता है जबकि सरकार के मंत्रियों की समान टिप्पणियों को रहने दिया जाता है। वहीं लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक संजय जायसवाल ने स्पीकर से राहुल गांधी के भाषण के कुछ हिस्सों को हटाने की मांग की है, यह कहते हुए कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं।

इधर दिल्ली पुलिस ने जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब के कथित लीक मामले में जांच तेज कर दी है और क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी की धाराएं जोड़ी हैं। स्पेशल सेल ने पेंगुइन इंडिया की टीम से पूछताछ कर 15 सवालों का नोटिस जारी किया है। राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को संसद के भीतर बढ़ते टकराव और आने वाले सियासी संघर्ष का संकेत माना जा रहा है।

## 23 साल बाद मिला न्याय, 19 साल लटकी अपील: हाई कोर्ट ने सरकार को नियुक्ति देने का सख्त आदेश

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक पुराने सेवा विवाद में न्यायिक प्रक्रिया में हुई अत्यधिक देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार को उम्मीदवार को तत्काल नियुक्ति पत्र जारी करने का निर्देश दिया है। अदालत ने साफ कहा कि आदेश के पालन में किसी भी तरह की देरी होने पर राज्य सरकार पर 5 लाख रुपये की लागत (कॉस्ट) लगाई जाएगी। जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की पीठ ने कहा कि सेवा मामलों में वर्षों तक फैसले लंबित रहना न केवल न्याय व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि इससे संबंधित व्यक्ति को गंभीर मानसिक और आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है।




### दत्तक ग्रहण बना विवाद की जड़

मामले के अनुसार, उम्मीदवार ने वर्ष 2003 में अपनी मां के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति के लिए सिविल कोर्ट का रुख किया था। उसकी मां गोहाना स्थित पशु चिकित्सालय में कार्यरत थीं। हालांकि, प्रारंभिक स्तर पर उम्मीदवार के दत्तक ग्रहण को कानूनी मान्यता न मिलने के कारण उसका नियुक्ति दावा विवादों में घिर गया।

### 2006 में फैसला, 2026 में अमल

सिविल अदालत ने वर्ष 2006 में उम्मीदवार के पक्ष में निर्णय देते हुए अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार मान्य किया और उसी वर्ष राज्य सरकार की अपील भी खारिज कर दी गई। इसके बावजूद, वर्ष 2007 में दाखिल अपील का अंतिम निस्तारण करीब 19 साल बाद हो सका। हाई कोर्ट ने इस देरी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में वर्षों तक इंतजार करवाना न्याय के मूल उद्देश्य के विपरीत है।

### बिना नई अर्जी के नियुक्ति का आदेश

अदालत ने राज्य सरकार को स्पष्ट निर्देश दिया कि उम्मीदवार को किसी अतिरिक्त कानूनी प्रक्रिया, निष्पादन याचिका या अन्य औपचारिकताओं में उलझाए बिना तुरंत नियुक्ति पत्र जारी किया जाए।

## प्लास्टिक प्रदूषण पर सख्ती: हरियाणा में चार सप्ताह में 1849 चालान, 15.97 लाख जुमार्ना

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) ने प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले चार सप्ताह में राज्यभर में 1849 चालान जारी किए हैं। यह अभियान 24 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक चलाया गया, जिसके दौरान नियमों के उल्लंघन पर कुल ₹15,97,300 का पर्यावरणीय जुमार्ना लगाया गया। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, यह कार्रवाई प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, 2016 तथा संशोधन नियम 2018, 2021 और 2022 एवं विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (एढफ) दिशा-निदेर्शों के तहत की गई है। सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि प्लास्टिक कचरे का पृथक्करण, संग्रहण और वैज्ञानिक निपटान अनिवार्य है। उल्लंघन की स्थिति में नोटिस, पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति और बंदी आदेश जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड ने स्वच्छ और प्लास्टिक-मुक्त हरियाणा के लिए जनसहयोग की अपील की है।

Haryana State Pollution Control Baord

## पीएम-सूर्य घर योजना को रफ्तार देने के लिए हरियाणा में राज्य स्तरीय समिति गठित, मुख्य सचिव करेंगे नेतृत्व

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। हरियाणा सरकार ने राज्य में 'पीएम' सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति (SLCC) का गठन किया है, जो योजना के सभी पहलुओं की निगरानी और क्रियान्वयन को गति देगी। जारी अधिसूचना के अनुसार समिति में ऊर्जा विभाग, आवास एवं शहरी कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अध्यक्ष तथा हरियाणा के दोनों बिजली वितरण निगमों यूएचबीवीएनएल और डीएचबीवीएनएल के प्रबंध निदेशक/सीईओ सदस्य होंगे। इसके अलावा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा महानिदेशक विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।



सरकार ने स्पष्ट किया है कि आवश्यकता अनुसार अन्य विभागों के अधिकारियों और गैर-सरकारी विशेषज्ञों को भी समिति में शामिल किया जा सकेगा, ताकि योजना का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। समिति का प्रमुख कार्य सभी घटकों की नियमित समीक्षा करना, विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना, सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की कार्ययोजना तैयार करना, स्थापना की प्रगति की निगरानी करना तथा आम जनता में जागरूकता और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना होगा। साथ ही समिति केन्द्र सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ समन्वय कर आवश्यक सुझाव भी देगी। सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से राज्य के अधिकतम घरों को सौर ऊर्जा से जोड़कर मुफ्त बिजली का लाभ, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। पीएम-सूर्य घर योजना हरियाणा को हरित ऊर्जा की दिशा में मजबूत बनाने की महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

Uturn Time 13 Feb 2026_Layout 2 12-02-2026 23:40 Page 6



# आंखड यज्ञ में आहुतियां डालने से बदलती हैं भाग्य की लकीरें : महंत प्रवीण चौधरी

## 243 घंटे के आखंड महायज्ञ के दूसरे दिन लंबी कतारों में खड़े हो हजारों भक्तो ने किए दर्शन





लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। पक्खोवाल रोड स्थित सिंगला एन्कलेव में वीरवार को 243 घंटे के आखंड महायज्ञ में आहुतियां डालने के लिए लंबी कतारों में खड़े हजारों महिला-पुरुष भक्तो ने आहुतियां डालकर मुरादें मांगी। यज्ञ स्थल पर पीले रंग का पंडाल। पीले वस्त्र धारी सेवकों की कतारें। मां के चरणों में अर्पित करने के लिए पीले फूल। हाथों में पीले रंग के प्रसाद की टोकरियां व थालियों का मनमोहक दृश्य देख ऐसा प्रतीत हो रहा कि जैसे साक्षात मां बगलमुखी धाम परिसर में विराजमान होकर भक्तो की हर इच्छा को पूर्ण करने का आशीर्वाद दे रही हों। इस बीच बगलामुखी धाम के प्रमुख सेवक महंत प्रवीण चौधरी के सान्धिय में चौबिसो घंटे आखंड यज्ञ स्थल पर गूंजते मां बगलामुखी के जयघोषों की बीच देश भर से पधारे संत-महापुरुषो ने आर्शीवचनो के माध्यम आशीर्वाद दिया। पिछले वर्ष के आखंड यज्ञ में दरबार में मांगी मुरादें पूरी होने पर



भक्तों ने आहुतियां डालकर जगत जननी का शुक्रिया किया। मध्यप्रदेश से पधारी भक्तों की टोली ने बगलामुखी धाम की पावन पवित्र मिट्टी को मस्तक पर लगाकर खुद को धन्य किया। संकीर्तन मंडल ने मां बगलामुखी की स्तुति में प्रस्तुत भजनों से भाव विभोर किया। स्कूली छात्रों ने मां बगलामुखी के प्रिय पीले रंग के वस्त्र धारण कर पूजन कर मां का आशीर्वाद लेकर दर्शन दीदार किए। महंत प्रवीण चौधरी जी ने आखंड यज्ञ के दूसरे दिन देश-विदेश से पधारे भक्तो को संबोधित करते हुए कहा किस्मत के बिना मां बगलामुखी का आशीर्वाद नहीं मिलता। मां के दरबार में आंखड यज्ञ में आहुतियां डालने से भाग्य की लकीरें बदलती है। कारोबारी रुकावटें दूर होती है। यज्ञ स्थल पर जीभा से मां बगलामुखी के नाम का उच्चारण मात्र करने से मन पवित्र होता है। पवित्र जल श्रवण करने से तन रोग मुक्त होता है। इस अवसर पर मुख्य सेवादार मनप्रीत छतवाल , सेवक नवनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन,रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह, दिनेश रल्ली,वरूण जैन, प्रशोतम चौधरी,बौबी मक्कड, गुनीत खेड़ा,गौतम सचदेवा, नरेन्द्र महाजन,राज सोंलकी, गौरव कालिया,परमवीर सिंह, अर्जुन होरा,चेतन टंडन, इकबाल सिंह,वरुण दत्त,अजय जैन, राहुल व अन्य भी उपस्थित थे ।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Doctrine of Proportionality:**

सजा और कार्रवाई अपराध के अनुपात में क्यों होनी चाहिए?

कानून केवल यह नहीं देखता कि गलती हुई या नहीं, बल्कि यह भी देखता है कि प्रतिक्रिया कितनी उचित है। इसी संतुलन को Doctrine of Proportionality कहा जाता है। इसका सीधा अर्थ है—किसी कार्रवाई या सजा का स्तर, उस गलती या उल्लंघन के अनुपात में होना चाहिए।

मान लीजिए किसी कर्मचारी से छोटी प्रशासनिक भूल हो गई और उसे तुरंत बर्खास्त कर दिया गया। या किसी मामूली उल्लंघन पर अत्यधिक कठोर दंड दे दिया गया। ऐसे मामलों में अदालत यह जाँचती है कि क्या कार्रवाई आवश्यकता से अधिक कठोर तो नहीं थी। अगर निर्णय उद्देश्य से ज्यादा सख़्त या असंतुलित पाया जाता है, तो उसे रद्द भी किया जा सकता है।


यह सिद्धांत केवल आपराधिक मामलों तक सीमित नहीं है। प्रशासनिक निर्णय, अनुशासनात्मक कार्यवाही, लाइसेंस रद्द करना, आर्थिक दंड—हर जगह Proportionality लागू होती है। अदालत यह देखती है कि क्या कम कठोर विकल्प उपलब्ध था और क्या अधिकारों पर लगाया गया प्रतिबंध वास्तव में आवश्यक था।

Doctrine of Proportionality का उद्देश्य अधिकारियों की शक्ति को सीमित करना है। यह सुनिश्चित करता है कि राज्य या संस्था अपने अधिकारों का प्रयोग विवेकपूर्ण और संतुलित ढंग से करे। सजा का उद्देश्य सुधार या व्यवस्था बनाए रखना है, बदला लेना नहीं।

यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि अदालत हर मामले में हस्तक्षेप नहीं करती। यदि कार्रवाई उचित और तर्कसंगत है, तो न्यायालय उसे बरकरार रखता है। लेकिन जहाँ संतुलन बिगड़ता है, वहीं Proportionality का सिद्धांत लागू होता है।

निष्कर्ष: Doctrine of Proportionality न्याय का संतुलन बनाए रखने का साधन है। छोटी गलती पर बड़ी सजा—न्याय नहीं मानी जाती। कानून यह अपेक्षा करता है कि शक्ति का प्रयोग समझदारी और अनुपात के साथ हो, तभी निर्णय न्यायसंगत कहलाता है।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल

### राजपाल यादव का जेल जाना हमें क्या सिखाता है?

राजपाल यादव बॉलीवुड के एक बेहद प्रतिभाशाली और मेहनती कलाकार हैं। लेकिन उनका जेल जाना हमें यह सिखाता है कि जीवन में सिर्फ प्रतिभा ही काफी नहीं होती, बल्कि आर्थिक समझ और धन का सही प्रबंधन भी बहुत जरूरी होता है। हाल ही में वह कर्ज और चेक बाउंस से जुड़े मामले में जेल गए, जो कई साल पुरानेलोन विवाद से जुड़ा था। इस घटना से हमें यह समझ मिलती है कि चाहे इंसान कितना भी काबिल क्यों न हो, अगर उसके पास पैसों का सही प्रबंधन नहीं है तो उसे कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि कानून सभी के लिए बराबर है। बताया जाता है कि उन्होंने फिल्म बनाने के लिए कर्ज लिया था और समय पर भुगतान न होने से मामला कानूनी बन गया। यह हमें सिखाता है कि कमाई जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी है बचत करना और सोच-समझकर खर्च करना। जीवन में अचानक मुश्किल समय आ सकता है, इसलिए पैसे बचाकर रखना समझदारी होती है। हमें यह भी समझना चाहिए कि पैसा सब कुछ नहीं होता, लेकिन जरूरतके समय पैसा बहुत मदद करता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी आय का कुछ हिस्सा बचत और भविष्य की सुरक्षा के लिए जरूर रखना चाहिए। इसलिए इन्सान समय रहते धन का सही प्रबंधन करना जितना जल्दी सीख ले उतना जीवन सुगम हो जाता है।

# हरचरण सिंह बने पाकिस्तानी आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल बनने वाले पहले सिख

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। हरचरण सिंह, पहले पगड़ी वाले सिख जिन्होंने पाकिस्तान की सेना में जगह बनाकर इतिहास रचा, अब लेफ्टिनेंट कर्नल के रैंक से सम्मानित होने वाले पहले सिख बन गए हैं।



उनका जन्म 1987 में गुरु नानक के जन्मस्थान ननकाना साहिब में हुआ था। 2007 में केवल 20 साल की उम्र में कैप्टन के तौर पर पाकिस्तानी आर्मी में शामिल हुए सिंह ने शुरू में ऑर्डनेंस कोर में काम किया और बाद में कॉम्बैट रोल के लिए बलूच रेजिमेंट की 12वीं बटालियन में तैनात किए गए। मेजर के रैंक पर रहते हुए उन्होंने मुश्किल ऑपरेशनल और बॉर्डर एरिया में सेवा की। 2025 के अंत में कड़े सिलेक्शन बोर्ड के बाद उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर प्रमोट किया गया। पाकिस्तान पंजाब के माइनॉरिटीज अफेयर्स मिनिस्टर रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा, लेफ्टिनेंट कर्नल सिंह की कामयाबी साबित करती है कि पाकिस्तान में माइनॉरिटी के लिए कोई रुकावट नहीं है। केवल टैलेंट और कड़ी मेहनत ही सफलता तय करती है। पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रेसिडेंट मस्तान सिंह ने कहा, हरचरण सिंह बाबा नानक के शहर और पूरी सिख कम्युनिटी की शान हैं।

वर्तमान में लेफ्टिनेंट कर्नल सिंह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद में तैनात हैं और उनका यह इतिहास माइनॉरिटीज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

# बड़े एक्शन के नाम पर डिफॉल्टरों के प्लाट रद्द कर GLADA अधिकारी थपथपा रहे पीठ

## शहरवासी बोले दुगरी मार्किट में करोड़ो के एससीओ की ठगी एवं स्कूल साइटों पर रिहायशी कोठियों बनने पर क्या कहेंगे जनाब ?









लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (GLADA) ने लंबे समय से बकाया भुगतान नहीं करने वाले आवंटियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए PAPR एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। GLADA ने ऐसे रिहायशी और व्यावसायिक प्लॉट/मकानों के आवंटन रद्द कर दिए हैं, जिनके मालिकों ने बार-बार नोटिस मिलने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करवाई।

अथॉरिटी ने खुलासा किया कि लगातार डिफॉल्ट के कारण GLADA के करीब ₹150 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं, जिससे शहर में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है। सड़कें, सीवरेज, पानी, लाइटिंग और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की रफ्तार धीमी हो गई है, जिससे आम जनता को नुकसान झेलना पड़ रहा है।

GLADA ने शेष डिफॉल्टरों को साफ चेतावनी देते हुए कहा है कि जो आवंटी अब भी बकाया जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ भी आवंटन रद्द करने समेत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य प्रशासक संदीप कुमार ने कहा, समय पर भुगतान न होने से विकास कार्य बाधित होते हैं। सभी आवंटी अपनी देनदारी तुरंत पूरी करें ताकि नागरिक सुविधाओं का विस्तार बिना रुकावट हो सके।

### GLADA की कार्रवाई पर सवाल, नाम क्यों छुपाए जा रहे ?

GLADA द्वारा बकायादारों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर शहर में गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। चर्चा है कि विभाग कार्रवाई के नाम पर अपनी पीठ तो थपथपाता है, लेकिन दोषियों के नाम सार्वजनिक नहीं करता। ऐसे में लोग पूछ रहे हैं कि अगर नियम टूटे हैं तो नाम छुपाने की जरूरत क्यों है? सूत्रों के मुताबिक GLADA में कुछ तथाकथित अधिकारी सरकार की छवि को दांव पर लगाकर अंदरखाने भ्रष्टाचार का खेल खेल रहे हैं। आरोप है कि प्रभावशाली लोगों को संरक्षण देकर छोटे मामलों में कार्रवाई दिखाकर वाहवाही लूटी जा रही है।

शहर में चर्चा है कि दुगरी मार्केट के करोड़ों के रउड घोटाले से जुड़ा नामी प्रॉपर्टी डीलर आज भी खुलेआम घूम रहा है, जबकि सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ है। वहीं सवाल उठ रहे हैं कि किस संरक्षण में अप्रूव्ड टाउनशिप की स्कूल साइटों पर रिहायशी कोठियों के नक्शे पास किए जा रहे हैं।

शहर पूछ रहा है — क्या कानून सबके लिए बराबर है या सिर्फ कमजोरों के लिए ?

# अपराध के खिलाफ संयुक्त मोर्चाः पुलिस लाइन में 1,500 VDC-WDC सदस्यों की बैठक





लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। सामुदायिक पुलिसिंग को नई मजबूती देते हुए लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट ने पुलिस लाइन में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें 385 विलेज डिफेंस कमेटी (VDC) और वार्ड डिफेंस कमेटी (WDC) से जुड़े 1,500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा, आईपीएस ने की, जबकि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रूपिंदर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कमिश्नर ने 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत 232 आरोपियों की गिरफ्तारी और भारी मात्रा में अवैध हथियार व नशीले पदार्थों की बरामदगी की जानकारी दी। 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत ड्रग सप्लाई चेन तोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं 'गैंगस्टरों पर वार' पहल से जबरन वसूली और सड़क हिंसा में कमी आने का दावा किया गया।

सीपी स्वपन शर्मा ने VDC और WDC को पुलिस की 'आंख और कान' बताते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण में सामुदायिक सूचना अहम भूमिका निभाती है। बैठक में कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और बीट पेट्रोलिंग पर सुझाव लिए गए। उन्होंने कहा, 'पुलिस उतनी ही प्रभावी है, जितना प्रभावी उसका समुदाय।' बैठक सहयोग के नए संकल्प के साथ संपन्न हुई।

## दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

जगरांव/यूटर्न/12/फरवरी। थाना सिटी जगराओं पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी देते हुए एसआई सतपाल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता राजीव कुमार पुत्र सुखदेव राम निवासी मोहल्ला गुरु तेग बहादुर, जगरांव (हाल निवासी ईस्ट मोती बाग ने अपने बयान में कहा कि दिनांक 8 फरवरी को लगभग 2:30 बजे दोपहर वह अपनी बाइक नंबर PB-10-GH-4822 (मार्का HF डीलक्स), जो उसकी फर्म आर.के. ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर पंजीकृत है, दुकान के सामने लॉक कर काम के सिलसिले में ट्रेन से मोगा चला गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार बाइक की आरसी और अन्य दस्तावेज भी टूल बॉक्स में रखे हुए थे। शाम लगभग 6:45 बजे लौटने पर बाइक मौके से गायब थी। उसे आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति वाहन चोरी कर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## खन्ना में 10 अवैध इमिग्रेशन केंद्रों पर पुलिस का बड़ा छापा, भारी मात्रा में दस्तावेज और पासपोर्ट बरामद



खन्ना/लुधियाना, युटर्न, 12 फरवरी। अवैध इमिग्रेशन नेटवर्क पर करारा प्रहार करते हुए खन्ना पुलिस ने ऑपरेशन 'प्रहार-2' के तहत GTB मार्केट स्थित शिक्षा हब में 10 अवैध इमिग्रेशन केंद्रों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई SSP डॉ. दर्पण अहलूवालिया के नेतृत्व और पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर की गई, जिससे फर्जी तरीके से युवाओं को विदेश भेजने वाले रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। SSP डॉ. दर्पण अहलूवालिया ने बताया कि सभी केंद्र बिना वैध अनुमति के संचालित हो रहे थे। इनके खिलाफ केस दर्ज कर लिए गए हैं, जबकि मालिक फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ ऑपरेटर गैंगस्टरों से मिलकर फर्जी पासपोर्ट और दस्तावेज तैयार कर रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 30 पासपोर्ट, 34 कंप्यूटर, लैपटॉप व टैबलेट, 15 एटीएम कार्ड, 175 चेकबुकें और बड़ी मात्रा में डिजिटल डेटा जब्त किया। इससे बड़े स्तर पर वित्तीय धोखाधड़ी के संकेत मिले हैं। कई पीड़ित सामने आए हैं, जिनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। SSP ने कहा, 'युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा।' पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध इमिग्रेशन माफिया के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

## डीटिया खेलने के बहाने ठगी करने वाले कथित गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/फरवरी। थाना सदर के अधीन पुलिस चौकी काउंके कलां ने डीटियों के बहाने ठगी करने के मामले में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

एएसआई धर्मिंदर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सुखदेव सिंह सेखों उर्फ जग्गा ने बयान दिया कि 19 जनवरी को लगभग 11:00 बजे सुबह उसके पिता चमकौर सिंह जो कनाडा से आए हुए हैं, घर के बाहर दुकानों के सामने बैठे थे। इसी दौरान एक बाइक पर दो व्यक्ति आए और किराने की दुकान के सामने टेबल पर डीटियां खेलने लगे।

शिकायत के अनुसार कुछ देर बाद एक कार में अन्य व्यक्ति आए, जिन्होंने पहले छुट्टे पैसे मांगे और फिर आपस में डीटियों पर रकम लगानी शुरू कर दी। आरोप है कि पूर्व नियोजित तरीके से बातचीत में उलझाकर शिकायतकर्ता के पिता से सोने की अंगूठी और नकदी हड़प ली गई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार जांच के दौरान संलिप्तता के शक में निर्मल सिंह पुत्र मलकीत सिंह, अमनदीप सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र जगसीर सिंह, कुलदीप सिंह पुत्र गुरमेल सिंह, चंद सिंह तथा राजविंदर सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी गांव रौली, जिला मोगा को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी होने की बात कही है।

Uturn Time 13 Feb 2026_Layout 2 12-02-2026 23:40 Page 8



# श्री महाकाल सेवा मंडल की ओर से विशाल शोभायात्रा का आयोजन

## मेयर इंद्रजीत और विधायक पराशर विशेष तौर पर हुए शामिल





दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। श्री महाकाल सेवा मंडल की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 7वीं विशाल शोभायात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह शोभायात्रा दरेसी मैदान से शुरू हुई और दरेसी रोड़ से होते हुए शिवपुरी रोड़, शिवपुरी चौंक से होते हुए नूरवाला रोड़ पर सम्पन्न हुई।

दरेसी मैदान से शोभायात्रा की शुरूआत हुई। इस दौरान गुरुदेव आनंद अत्री जी महाराज, मां कालका जी रथ सेवा संघ के गुरप्रीत सिंह आदि ने भगवान महाकाल का पूजन किया। शोभायात्रा के अवसर पर मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर,



विधानसभा हल्का सेंट्रल के विधायक अशोक पराशर पप्पी, पूर्व विधायक रणजीत सिंह ढिल्लों, संगलावाला शिवाला मंदिर से महंत दिनेश पुरी, राजीव कतना, पूर्व विधायक सुरिंदर डावर, कांग्रेसी नेता कृष्ण खरबंदा, बाबा मीना शाह, पवन ठाकुर पम्मी, धर्मेन्द्र खेड़ा आदि विशेष तौर पर शामिल हुए। आए हुए मेहमानों का श्री महाकाल सेवा मंडल के चेयरमैन गौरव महेंद्रू, प्रधान दीपक प्रजापत, रमन जगदंबा, शिवम शर्मा आदि ने स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। विधायक अशोक पराशर पप्पी ने रथ में सवार श्री महाकाल की विशेष तौर पर पूजा अर्चना की। इस दौरान जय श्री महाकाल के जयघोष से दरेसी मैदान गूंज उठा। शोभायात्रा में महाकाल की विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल थी और वहीं बैंड के साथ भगवान शिव के भजनों से वातावरण गूंज उठा। महिला संकीर्तन मंडली ने भी शोभायात्रा मार्ग में भजन प्रस्तुत किये। रास्ते में विभिन्न संस्थाओं ने फूलों की बारिश करके इस यात्रा का स्वागत किया और जगह जगह लंगर लगाए गए।

# एएनसी ने ओम्ने कार्डियक एंड इंटरवेंशन्स सेंटर लॉन्च पर सीएमई का आयोजन किया



लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी 2026। अरौड़ा न्यूरो सेंटर (ANC), लुधियाना ने क्लब निवार्णा, हम्ब्रान रोड पर आयोजित कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (उटए) कार्यक्रम के दौरान अपने नए ओम्ने कार्डियक एंड इंटरवेंशन्स सेंटर का औपचारिक शुभारंभ किया। यह आयोजन शहर के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जिसमें न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल हुए। नए सेंटर में अब मरीजों को नियमित ओपीडी सेवाओं के साथ अत्याधुनिक कार्डियक इंटरवेंशन्स उपलब्ध होंगे। इन सेवाओं का मार्गदर्शन देश के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ पद्म भूषण डॉ. टी. एस. क्लेर करेंगे, जो ओम्ने सेंटर से सलाहकार के रूप में जुड़े हैं। वहीं एडवांस न्यूरो और बॉडी इंटरवेंशन्स की जिम्मेदारी डॉ. एडमंड मोसेस (डीएम न्यूरो रेडियोलॉजी) संभालेंगे, जिससे क्षेत्र में मिनिमली इनवेसिव उपचार की सुविधाएं और मजबूत होंगी। एएनसी के चेयरपर्सन डॉ. ओ. पी. अरोड़ा ने कहा कि ओम्ने कार्डियक एंड इंटरवेंशन्स सेंटर का शुभारंभ विश्वस्तरीय, मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में बड़ा कदम है। डॉ. क्लेर और डॉ. मोसेस की विशेषज्ञता से लुधियाना में कार्डियक और न्यूरो-वैस्कुलर इलाज के नए मानक स्थापित होंगे। वहीं चेयरपर्सन डॉ. नीलम अरोड़ा ने कहा कि कार्डियोलॉजी और न्यूरो-इंटरवेंशन को एक ही छत के नीचे लाना एएनसी के इंटीग्रेटेड हेल्थकेयर विजन का हिस्सा है, जिससे मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार मिलेगा। सीएमई कार्यक्रम में इंटरवेंशनल तकनीकों पर वैज्ञानिक सत्र और केस डिस्कशन हुए, जिसमें 150 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/फरवरी। थाना दाखा पुलिस ने सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के मामले में अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी देते हुए एएसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता भोला शंकर ने अपने बयान में कहा कि 10 फरवरी को शाम लगभग 6 से 7 बजे उसका पुत्र रणजीत सिंह (उम्र लगभग 25 वर्ष) बाइक पर सवार होकर मुल्लापुर से सामान लेकर लौट रहा था। शिकायत के अनुसार पीछे से मुल्लापुर की ओर से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के अज्ञात चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रणजीत सिंह को गंभीर चोटें आई और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# 38वीं मॉडर्न पेंडू मिनी ओलंपिक जरखड़ खेलें 13 से 15 फरवरी तक

## 7 हस्तियों का सम्मान, सतविंदर बिट्टी का अखाड़ा रहेगा आकर्षण



लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। माता साहिब कौर स्पोर्ट्स चैरिटेबल ट्रस्ट, पिंड जरखड़ की ओर से आयोजित 38वीं मॉडर्न पेंडू मिनी ओलंपिक जरखड़ खेलें 13, 14 और 15 फरवरी 2026 को करवाए जा रहे हैं। गुरु नानक स्टेडियम में आयोजित प्रेस वार्ता में चेयरमैन नरिंदरपाल सिंह सिद्धू ने बताया कि 13 फरवरी को सुबह 11 बजे भव्य उद्घाटन समारोह होगा, जिसमें स्कूलों के बच्चों का मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। खेल मशाल जन्नत-ए-जरखड़ म्यूजियम से स्टेडियम पहुंचेगी। उद्घाटन कैबिनेट मंत्री तरनप्रीत सिंह सोंध करेंगे। 15 फरवरी को समापन समारोह में 7 विशिष्ट हस्तियों को अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। खेलों में हॉकी, कबड्डी, फुटबॉल और रस्साकशी सहित विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले होंगे। कबड्डी में 2.5 लाख और फुटबॉल में 10 लाख की इनामी राशि दी जाएगी। विजेताओं को कुल 70 साइकिलें भी प्रदान की जाएंगी। खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए लंगर व जूस की विशेष व्यवस्था रहेगी। समापन अवसर पर प्रसिद्ध लोक गायिका सतविंदर बिट्टी सहित अन्य कलाकारों का अखाड़ा भी सजेगा। आयोजकों के अनुसार, ये खेल नशा-मुक्त समाज के संदेश को मजबूत करेंगे।

# ट्रेड यूनियन के भारत बंद के आह्वान को मिला पूरा सपोर्ट- अध्यक्ष गिल



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/फरवरी। जगरांव नगर परिषद ने सफाई सेवक यूनियन पंजाब डिस्ट्रिक्ट लुधियाना के अध्यक्ष अरुण गिल की अध्यक्षता में ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का पूरा सपोर्ट किया। जगरांव नगर परिषद में सभी सफाई सेवकों, सीवरमैनों, पंप ऑपरेटर्स, इलेक्ट्रिशियनों, बेलदार माली और सभी क्लेरिकल स्टाफ ने एक बार फिर अपनी एकता दिखाई और आज के भारत बंद का सपोर्ट करके इसे पूरी तरह सफल बनाया। आज के देशव्यापी भारत बंद के आह्वान पर बोलते हुए सफाई सेवक यूनियन के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अरुण गिल ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की जरूरी और अहम मांगों को नजरअंदाज कर दिया है और ट्रेड यूनियन ने आज भारत बंद करके अपनी एकता का सबूत दिया है। इसके साथ ही, समय की सरकारों को यह समझ लेना चाहिए कि आज कर्मचारी संगठनों ने जो एकता का सबूत दिया है, वह किसी भी सरकार को दौड़ा सकता है, इसलिए सरकारों को कर्मचारियों की जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। ताकि कर्मचारियों को संघर्ष का रास्ता न अपनाना पड़े। इस समय अलग-अलग स्पीकर्स ने कर्मचारियों के हितों की बात करते हुए अपने विचार शेयर किए। इस मौके पर सफाई यूनियन के सेक्रेटरी राजिंदर कुमार, प्रेसिडेंट सनी सुंदर, पैट्रन प्रदीप कुमार, सीवरमैन यूनियन के प्रेसिडेंट राज कुमार, पैट्रन शाम लाल चिंडालिया, बलविंदर कल्याण सुरजीत सिंह संतोख राम, संदीप कुमार, क्लेरिकल स्टाफ क्लर्क हरीश कुमार, सेवादार हरदीप ढोलन, दविंदर सिंह गरचा, फायर ब्रिगेड के प्रेसिडेंट भगत सिंह और सभी कर्मचारी मौजूद थे।

Uturn Time 13 Feb 2026_Layout 2 12-02-2026 23:40 Page 9



# दुबई-पाक ड्रग लिंक का खुलासा, अमृतसर में 7.6 किलो हेरोइन संग दो गिरफ्तार



अमृतसर, यूटर्न, 12 फरवरी। पंजाब को नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीमा पार संचालित नार्को-तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस रैकेट से जुड़े दो आरोपियों को 7.6 किलोग्राम हेरोइन और 21,800 रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिबप्रीत सिंह उर्फ साहिब (19), निवासी फतेहगढ़ चूड़ियां, बटाला व वर्तमान निवासी छेहरटा, अमृतसर और गगनदीप सिंह उर्फ गगन (26), निवासी गुरु नानकपुरा, कोट खालसा, अमृतसर के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ पहले से ही आर्म्स एक्ट और लूटपाट के मामले दर्ज हैं। डीजीपी यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी वर्चुअल नंबरों के जरिए दुबई स्थित हैंडलर के संपर्क में थे, जो पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन की खेप मंगवाने और पिकअप पॉइंट तय करने का काम करता था। यह हैंडलर कई ड्रग नेटवर्क चला रहा है और 43 किलो हेरोइन से जुड़े केस में भी वांछित है।

सीपी अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय सूचना पर विशेष टीमों ने अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ा। पूरे नेटवर्क को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस संबंध में थाना छेहरटा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# संक्रांति पर श्री गीता मंदिर में मां बगलामुखी हवन, पूज्य सीमा जी ने संगत को किया निहाल

लुधियाना, यूटर्न, 12 फरवरी। संक्रांति के पावन अवसर पर पक्खोवाल रोड स्थित श्री गीता मंदिर, विकास नगर में धार्मिक श्रद्धा और भक्ति का भव्य संगम देखने को मिला। महाकाली जी की अनन्य भगत एवं कौली धाम, पटियाला से पधारी पूज्य सीमा जी ने मंदिर पहुंचकर संगत को अपने आशीर्वचनों से निहाल किया। इस अवसर पर मां बगलामुखी जी का हवन प्रख्यात विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से संपन्न करवाया गया। हवन में श्रीमती ममता आशु ने भी भाग लिया और माता जी को चुनरी भेंट कर उनका स्वागत किया।




पूज्य सीमा जी ने मंदिर परिसर का अवलोकन कर मंदिर सभा के सामाजिक व धार्मिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से मंदिर द्वारा संचालित कंप्यूटर सेंटर, सिलाई केंद्र और होम्योपैथी डिस्पेंसरी की प्रशंसा की। साथ ही ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व मुहिम और जरूरतमंद कन्याओं के विवाह संपन्न करवाने जैसे सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। मंदिर सभा के महासचिव प्रदीप ढल ने सीमा जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से संगत को आध्यात्मिक ऊर्जा मिली है। इस मौके पर पवन कांत वोहरा, राजन उप्पल, ओम प्रकाश शर्मा, अमित कुमार, रणधीर शर्मा तथा महिला मंडल की सदस्यों ने माता जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और सनातन धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक बना।

# पटियाला लाइट प्वाइंट पर दर्दनाक हादसा, बस से गिरकर महिला गंभीर घायल

**ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने दिखाई तत्परता, सेक्टर-32 अस्पताल रेफर**

जीरकपुर, यूटर्न, 12 फरवरी। जीरकपुर के व्यस्त पटियाला लाइट प्वाइंट चौक पर बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। बनूड़ से अपने पति के साथ बस में सवार होकर जीरकपुर आ रही सविता देवी उस समय गंभीर रूप से घायल हो गई, जब बस के रुकने के बाद अचानक दोबारा चलने से वह नीचे गिर पड़ीं।

जानकारी के अनुसार बस जैसे ही पटियाला लाइट प्वाइंट पर रुकी, सविता देवी के पति पहले नीचे उतर गए। इसी दौरान जब सविता देवी बस से उतर रही थीं, तभी चालक ने कथित लापरवाही बरतते हुए बस आगे बढ़ा दी। अचानक बस चलने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गईं। गिरने से उनके सिर में गहरी चोट आई और वह मौके पर ही लहूलुहान हो गईं।

हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े। मौके पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल जसविंदर सिंह ने तत्परता दिखाते हुए एक ऑटो रुकवाया और घायल महिला को उनके पति सहित तुरंत सरकारी अस्पताल ढकोली पहुंचाया।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सेक्टर-32, चंडीगढ़ रेफर कर दिया। फिलहाल महिला का इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस चालकों की लापरवाही के कारण इस प्रकार के हादसे आए दिन सामने आते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक परिवहन चालकों को सख्त निर्देश जारी किए जाएं और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा बनी रहे।

# खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में तीन नामजद

डेराबस्सी, यूटर्न, 12 फरवरी। मुबाकरपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतक की मां के बयान पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।




जांच अधिकारी एएसआई धर्मपाल सिंह के अनुसार, सुनीता पत्नी जनक राज, निवासी शिवालिक कॉलोनी त्रिवेदी कैंप, मुबारकपुर (डेराबस्सी) ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसके बड़े बेटे विकास चोपड़ा (39) की शादी करीब 11 वर्ष पहले ममता उर्फ अलका से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी बहू ममता छोटी-छोटी बातों पर विकास से झगड़ा करती थी और उसे अलग रहने के लिए मजबूर करती थी।

बताया गया कि करीब 10-15 दिन पहले विकास अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सिल्वर सिटी फ्लैट, मुबारकपुर की पहली मंजिल पर रहने लगा था। सुनीता के अनुसार विकास अक्सर उससे कहता था कि उसकी पत्नी उससे झगड़ा करती है और जब वह इस संबंध में अपने ससुर रामचंद से बात करता, तो ससुर और साढू बिल्ला भी ममता का ही पक्ष लेते थे।

शिकायतकर्ता ने बताया कि 11 फरवरी को उसे बहू ममता का फोन आया, जिसमें बताया गया कि विकास ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही वह अपने बेटों राहुल और हरिओम के साथ मौके पर पहुंची, जहां देखा कि विकास ने ड्राइंग रूम की छत में लगी कुंडी से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली थी।

मृतक की मां का आरोप है कि उसका बेटा पत्नी, ससुर और साढू से परेशान होकर आत्महत्या करने को मजबूर हुआ। पुलिस ने सुनीता के बयान के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# नशा करते युवक को पुलिस ने किया काबू




जगरांव/यूटर्न/12/फरवरी। थाना सदर जगरांव के अधीन पुलिस चौकी गांव काउंके कलां की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को कथित रूप से नशीला पदार्थ सेवन करते हुए काबू करने का दावा किया है। जानकारी देते हुए एएसआई धर्मिंदर सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ गांव काउंके कलां से डल्ला रोड की ओर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए गश्त कर रहे थे। टी-पॉइंट काउंके खोसा के पास एक युवक सड़क किनारे बैठा दिखाई दिया, जो पुलिस के अनुसार कथित रूप से नशा कर रहा था। पुलिस को देखकर उक्त युवक ने अपने पास रखा सामान जमीन पर फेंक दिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे काबू कर पूछताछ की, जिसमें उसने अपनी पहचान कुलदीप सिंह उर्फ गग्गू पुत्र हाकम सिंह निवासी गांव काउंके खोसा, थाना सदर जगरांव, जिला लुधियाना के रूप में बताई। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

Uturn Time 13 Feb 2026_Layout 2 12-02-2026 23:40 Page 10



## 9 करोड़ के जीएसटी घोटाले पर पंजाब सरकार का बड़ा प्रहार, लुधियाना का कारोबारी गिरफ्तार, इंस्पेक्टर बर्खास्त

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। पंजाब सरकार ने कर चोरी और प्रशासनिक अनुशासनहीनता के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। वित्त, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि लुधियाना के एक कारोबारी को 9 करोड़ के जीएसटी घोटाले में गिरफ्तार किया गया है, जबकि लंबे समय से गैर-हाजिर रहने पर एक आबकारी एवं कर इंस्पेक्टर को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है—कर चोरी और विभागीय लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हरपाल सिंह चीमा ने जानकारी दी कि स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रिवेंटिव यूनिट (CIPU), लुधियाना ने कार्रवाई करते हुए मेसर्स एम.ए.ए. स्टील, लुधियाना के मालिक रोहित गुप्ता को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि फर्म द्वारा बिना



वास्तविक माल की सप्लाई के एचआर/सीआर कॉइल्स और स्ट्रिप्स के फर्जी इनवॉइस जारी किए जा रहे थे। इस नेटवर्क के जरिए 9 करोड़ से अधिक का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) विभिन्न लाभार्थियों को दिया गया, जिससे सरकारी खजाने को बड़ा नुकसान पहुंचा। छापेमारी के दौरान स्टॉक और बुक रिकॉर्ड में भी भारी अंतर पाया गया। वित्त मंत्री ने बताया कि जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है और कई साइकिल पार्ट्स व स्पेयर पार्ट्स निमार्ताओं की भूमिका भी जांच के घेरे में है, जो गलत तरीके से एक्सपोर्ट रिफंड और इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर का लाभ ले रहे थे।

## एमसी वन पास ने पार किया 4,000 पंजीकरण का आंकड़ा, नागरिकों का मिला जबरदस्त प्रतिसाद



चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। नगर निगम चंडीगढ़ की प्रमुख डिजिटल पहल 'एमसी वन पास' ने 4,000 पंजीकरण का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि नागरिकों के सकारात्मक सहयोग और निगम की जन-केन्द्रित सुधारों में बढ़ते विश्वास को दशार्ती है। नगर निगम द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य विभिन्न नागरिक सेवाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरल और सुगम बनाना है। 'एमसी वन पास' के जरिए लोगों को अब कई प्रकार की अनुमतियों और सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इससे प्रक्रियागत देरी में कमी आई है, पारदर्शिता बढ़ी है और समय की बचत हो रही है। कम समय में पंजीकरण संख्या में लगातार वृद्धि डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में निगम के प्रयासों की सफलता को दशार्ती है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिकों ने इस प्लेटफॉर्म को अपनाया है और इसके उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस तथा तेज प्रक्रिया की सराहना की है।

## नए लेबर कोड के खिलाफ भारत बंद: 30 करोड़ श्रमिकों का दावा, बैंकिंग-परिवहन सेवाएं प्रभावित

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। नए श्रम कानूनों के विरोध में गुरुवार को देशभर में एक दिवसीय ह्यभारत बंदह्न का असर देखने को मिला। विभिन्न केंद्रीय श्रमिक संगठनों और बैंक यूनियनों ने हड़ताल में हिस्सा लिया।

चंडीगढ़ के सेक्टर-17 समेत कई शहरों में बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सरकार से लेबर कोड वापस लेने की मांग की। संयुक्त मंच का दावा है कि करीब 30 करोड़ श्रमिक इस हड़ताल से जुड़े हैं। हड़ताल के कारण बैंकिंग, बीमा, डाक, परिवहन और बिजली सेवाओं पर आंशिक



असर पड़ा। कई राज्यों में सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों की उपस्थिति कम रही।

केरल में जनजीवन पर ज्यादा प्रभाव देखा गया। राज्य में बस सेवाएं प्रभावित रहीं और कई जगह दुकानें भी बंद रहीं। हालांकि कोच्चि मेट्रो और ऑनलाइन टैक्सी सेवाएं चालू रहीं। किसी बड़ी हिंसक घटना की खबर नहीं है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है। श्रमिक संगठनों की मुख्य मांगों में चार श्रम संहिताओं को रद्द करना, मनरेगा की बहाली और कुछ नए विधेयकों को वापस लेना शामिल है। किसान संगठनों ने भी हड़ताल का समर्थन किया।

पंजाब में आम आदमी पार्टी ने इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल को समर्थन देते हुए कहा कि यह मजदूरों और किसानों के अधिकारों की लड़ाई है। श्रमिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## डेराबस्सी-बरवाला रोड पर बड़ा हादसा टला, निमार्णाधीन सड़क किनारे धंसा ट्रक

डेराबस्सी, यूटर्न, 12 फरवरी। डेराबस्सी-बरवाला मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब तेज रफ्तार एक ट्रक सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य के कारण नरम हुई मिट्टी में धंस गया। ट्रक का एक हिस्सा नीचे धंसने से वह एक ओर झुक गया, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, गनीमत रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।



जानकारी के अनुसार बरवाला रोड पर सड़क चौड़ीकरण/मरम्मत का कार्य चल रहा है। निर्माण के चलते सड़क किनारों की खुदाई की गई थी और वहां की मिट्टी नरम थी। इसी दौरान गुजर रहा ट्रक संतुलन खो बैठा और उसका एक हिस्सा मिट्टी में बुरी तरह धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक पलटने ही वाला था, लेकिन समय रहते वह रुक गया। मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। सड़क किनारों पर न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही बैरिकेडिंग की गई है, जिससे वाहन चालकों को संभावित खतरे की जानकारी नहीं मिल पाती। रात के समय यहां हादसों की आशंका और अधिक बढ़ जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ट्रक दूसरी ओर पलट जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए और सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। घटना के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। बाद में क्रेन की सहायता से ट्रक को बाहर निकालने का प्रयास किया गया, जिसके बाद आवाजाही सामान्य हो सकी।

## कजहेड़ी में दिनदहाड़े बड़ी चोरी: मकान से लाखों के गहने और 50 हजार नकद गायब



चंडीगढ़, यूटर्न, 12 फरवरी। चंडीगढ़ के सेक्टर-36 थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कजहेड़ी इलाके में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और करीब 50 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मकान नंबर 703 निवासी सोहन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर से 5 से 7 तोले के बीच सोने के गहने और लाखों रुपये मूल्य के चांदी के आभूषण चोरी हो गए। इसके अलावा घर में रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी भी गायब है।

घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-36 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। फिलहाल इस मामले में किसी आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## परम चीमा का गाना 'जोड़ी' आज 'सागा म्यूजिक' के बैनर तले आज होगा रिलीज

### परिवार में बैठकर सुने जा सकने वाले इस गाने को लेकर लोगों में भारी उत्साह है-मैनेजर लकी खान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/फरवरी। म्यूजिक सेक्टर में देश की जानी-मानी कंपनी 'सागा म्यूजिक' आज 13 फरवरी को पंजाबी लोक गायक 'परम चीमा' का नया गाना 'जोड़ी' पेश कर रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए गायक परम चीमा के प्रोजेक्ट मैनेजर लकी खान अली ने बताया कि पंजाबी गाने 'अखियां' से मशहूर हुए 'परम चीमा' की बुलंद आवाज में आ रहा नया गाना 'जोड़ी' मशहूर गीतकार गुरतेज उगोके ने लिखा है और मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर आर. गुरु ने इसे शानदार म्यूजिक से सजाया है। डायरेक्टर जसप्रीत मान के डायरेक्शन में प्रोड्यूसर अनमोल चीमा (कनाडा) के सपोर्ट से फिल्माए गए इस गाने



में पंजाबी फिल्म कलाकार परमिंदर कौर गिल, नीतू पंढेर और फिल्म एक्ट्रेस अर्श गिल की खूबसूरत परफॉर्मेंस है। लकी खान अली ने आगे कहा कि गाना 'जोड़ी' एक साफ-सुथरी और सिंपल लव स्टोरी है जो पारिवारिक रिश्तों और खासकर पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते के प्यार और भरोसे को दिखाती है, जो एक प्यार भरा और पॉज़िटिव लोकगीत वर्शन है। जिसे लोग अपने परिवारों में बैठकर बड़े आराम से सुन पाएंगे और परम चीमा के आने वाले नए गाने को लेकर लोगों में बहुत उत्साह है। इस मौके पर ऊड.ढ. संदीप वर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर राजदीप मोहाली, एडिटर अहान मेहता चंडीगढ़, कैमरामैन L.G. डायमंड, लहिंबरदीप सिंह बुर्ज हरि सिंह, एडिटर अवतार सिंह वगैरह भी मौजूद थे।

Uturn Time 13 Feb 2026_Layout 2 12-02-2026 23:40 Page 11



# ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर जीरकपुर में ट्रंप समेत केंद्र व पंजाब सरकार के पुतले फूंके

## 22 फरवरी को डेराबस्सी विधायक की रिहायश पर होगा धरना



जीरकपुर, यूटर्न, 12 फरवरी। केंद्र और पंजाब सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सोमवार को जीरकपुर में बिजली बोर्ड उपमंडल कार्यालय के बाहर संयुक्त धरना दिया गया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने पटियाला चौक तक पैदल मार्च किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के पुतले फूंके। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सार्वजनिक संस्थानों के निजीकरण, मुक्त व्यापार समझौतों, बिजली एक्ट 2025, सीड बिल, चार लेबर कोड लागू करने और मनरेगा जैसे कानूनों को खत्म करने की नीतियां अपनाई जा रही हैं, जिनका व्यापक स्तर पर विरोध किया जाएगा। धरने में एस.के.एम. पंजाब, मजदूर संगठनों, औद्योगिक व छात्र संगठनों सहित विभिन्न कर्मचारी यूनियनों ने भाग लिया। पावरकॉम से टी.एस.यू. (भंगला), पी.एस.ई.बी. इंप्लाइज फेडरेशन एटक, मीटर रीडर यूनियन, सी.एच.बी. ठेका मुलाजिम यूनियन तथा अन्य कर्मचारियों ने हड़ताल में हिस्सा लिया। पेंशनर्स एसोसिएशन और पेंशन यूनियन एटक जीरकपुर के सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में समर्थन दिया। धरने को संबोधित करते हुए एस.के.एम. के प्रतिनिधि रुस्तम सेख, तरलोचन सिंह, लखविंदर सिंह कराला, सी.एच.बी. ठेका मुलाजिम यूनियन के प्रधान अमनिंदर सिंह, रोहित शर्मा, सुखविंदर सिंह, जगमोहन सिंह, गुरतेज सिंह और सर्कल सचिव एकम सिद्धू (मोहाली) सहित अन्य नेताओं ने कहा कि यदि सरकारें इन नीतियों को वापस नहीं लेतीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# आवारा कुत्तों से मिलेगी राहत, डॉग स्टरलाइजेशन मुहिम शुरू



जीरकपुर, यूटर्न, 12 फरवरी। जीरकपुर नगर काउंसिल क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने ह्यडॉग स्टरलाइजेशनह्व (कुत्तों की नसबंदी) मुहिम की औपचारिक शुरूआत करवाई। इस अभियान के तहत करीब 2000 आवारा कुत्तों की नसबंदी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विधायक रंधावा ने बताया कि शहरवासियों की ओर से लंबे समय से आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए मांग की जा रही थी। इसी के मद्देनजर 39.46 लाख रुपये की लागत से स्टरलाइजेशन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इसके लिए विशेष स्टरलाइजेशन सेंटर स्थापित किया गया है, जहां एक समय में 100 कुत्तों को रखा जा सकेगा। नसबंदी के बाद प्रत्येक कुत्ते को चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा और पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि आवारा कुत्तों के स्थायी प्रबंधन के लिए 'डॉग सैंक्चुरी' बनाने का प्रस्ताव भी राज्य सरकार को भेजा गया है, जिसकी अनुमानित लागत 39.46 लाख रुपये है। इस सैंक्चुरी के निर्माण से शहर में आवारा पशुओं की समस्या को दीर्घकालिक समाधान मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर विधायक रंधावा ने गांव छत्त (अब एम.सी. जीरकपुर का हिस्सा) में 40.53 लाख रुपये की लागत से नए ट्यूबवेल निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया। इसके अलावा बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम से गांव छत्त तक 49.50 लाख रुपये की लागत से ड्रेनेज और टाइल्स बिछाने के कार्य भी शुरू करवाए गए।

# भबात में 14 फरवरी को लगेगा 53वां नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर

जीरकपुर, यूटर्न, 12 फरवरी। नगर काउंसिल जीरकपुर के अंतर्गत आते गांव दौलत सिंह वाला 'भबात' में युवक सेवाएं क्लब की ओर से 53वां नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर 14 फरवरी को जैन मंदिर वाली धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की आंखों की जांच करेगी तथा जरूरतमंद मरीजों के ऑपरेशन कर मुफ्त लेंस भी लगाए जाएंगे। कैंप आयोजकों ने बताया कि यह शिविर जनरल दौलत सिंह की स्मृति में पिछले लगभग आधी सदी से गांववासियों के सहयोग से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। पूरे पंजाब में यह अपने आप में एक अनूठा शिविर है, जहां मरीजों के ऑपरेशन के साथ-साथ उनके एक सप्ताह के ठहरने, भोजन और दवाइयों का पूरा खर्च गांववासियों के सहयोग से कैंप प्रबंधन द्वारा उठाया जाता है।

> विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच, जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त लेंस लगाए जाएंगे

उन्होंने बताया कि जनरल दौलत सिंह और ऊमा दौलत सिंह के सुपुत्र सुरिंदर दौलत सिंह विशेष रूप से दिल्ली से पहुंचकर शिविर में सहयोग देते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम में डॉ. जतिंदर सिंह, डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. आभा वधावन और डॉ. पुनीत शर्मा शामिल होंगे, जो मरीजों की जांच और उपचार करेंगे। कैंप प्रबंधन ने अपील की है कि ऑपरेशन के लिए आने वाले मरीज अपने साथ साफ-सुथरा बिस्तर अवश्य लेकर आएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।




# पंजाब में 'आउटडोर एडवरटाइजिंग पॉलिसी-2026' का ब्लूप्रिंट तैयार; हाईवे से हटेंगे यूनिपोल, अब छतों पर लगेंगे विज्ञापन

## बड़ा बदलाव: मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में अहम बैठक, नई नीति से बदल जाएगा विज्ञापन का स्वरूप




लुधियाना/चंडीगढ़ पंजाब सरकार राज्य के राजस्व में बढ़ोतरी और शहरों को नया लुक देने के लिए 'पंजाब स्टेट आउटडोर एडवरटाइजिंग पॉलिसी-2026' का फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर चुकी है। इस नई नीति को अमलीजामा पहनाने के लिए आज चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्य सचिव (Chief Secretary) की अगुवाई में सभी संबंधित विभागों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई है। 2026 की यह नीति पुरानी विज्ञापन नीति से न केवल व्यापक है, बल्कि इसमें विज्ञापनों के लिए ऐसे स्थान भी खोले गए हैं जो अब तक वर्जित थे।

**निजी संपत्ति और पब्लिक यूटिलिटी का होगा इस्तेमाल...**नई पॉलिसी के ड्राफ्ट के अनुसार, अब विज्ञापन केवल यूनिपोल तक सीमित नहीं रहेंगे। पहली बार निजी घरों की छतों (फ्ङ्मङ्मा-३ङ्मस्र), दीवारों, सार्वजनिक शौचालयों, गारबेज पॉइंट्स और स्ट्रीट लाइट पोल्स को भी विज्ञापन के दायरे में लाया गया है। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट वाहनों, बसों, पुलिस बूथों और टैक्सियों पर भी कमर्शियल विज्ञापन चस्पा किए जा सकेंगे।

**रोड सेफ्टी पर कड़ा प्रहार: हाईवे 'यूनिपोल फ्री' करने की तैयारी...**मौजूदा एडवरटाइजिंग पॉलिसी में स्टेट और नेशनल हाईवे के चौराहों पर लगे विशालकाय यूनिपोल अक्सर हादसों का सबब बनते हैं। नई नीति में रोड सेफ्टी और ट्रैफिक रिसर्च सेंटर की सिफारिशों पर बड़ा फैसला लिया गया है। अब हाईवे और मुख्य चौराहों पर यूनिपोल नहीं लगाए जा सकेंगे, ताकि चालकों का ध्यान न भटके।

**निगमों की बढ़ेगी सिरदर्दी; टैक्स चोरी रोकना होगा बड़ी चुनौती...**जहाँ नई नीति राजस्व बढ़ाने का दावा कर रही है, वहीं नगर निगमों के लिए यह बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि:

**निगरानी का संकट:** निजी संपत्तियों और गली-मोहल्लों में विज्ञापन की निगरानी के लिए निगमों के पास स्टाफ की भारी कमी है।

**राजस्व का गणित:** फिलहाल एक विज्ञापन कंपनी से करोड़ों का एकमुश्त राजस्व आता है, लेकिन नई विकेंद्रीकृत नीति में टैक्स चोरी के रास्ते खुल सकते हैं।

**इन विभागों का रहेगा साझा नियंत्रण...**यह नीति पूरे पंजाब में एक समान लागू होगी, जिसमें लोकल गवर्नमेंट, हाउसिंग, ट्रांसपोर्ट, ढहऊ(इ&फ), ग्रामीण विकास, जनसंपर्क और गृह विभाग (पुलिस) की सामूहिक भूमिका रहेगी। बैठक में ड्राफ्ट को हरी झंडी मिलने के बाद सरकार इस पर जनता से आपत्तियां मांगेगी, जिसके बाद अंतिम अधिसूचना जारी होगी।

**न्यूज कैप्सूल: क्या बदलेगा?**

**आम आदमी को लाभ:** लोकेशन के आधार पर निजी छतों से कमाई का मौका।

**हादसों पर लगाम:** नेशनल हाईवे और चौराहों से विज्ञापनों का बोझ कम होगा।

**स्मार्ट सिटी को बल:** डिजिटल और सुव्यवस्थित विज्ञापन प्रणाली से सौंदर्यीकरण बढ़ेगा।

# राज्यसभा में बजट पर बोले पद्मश्री राजिंदर गुप्ता, शिक्षा-स्वास्थ्य को बनाया 'विकसित भारत' की कुंजी

नई दिल्ली, यूटर्न, 12 फरवरी। राज्यसभा में यूनियन बजट पर चर्चा के दौरान सांसद पद्मश्री राजिंदर गुप्ता ने बजट को वित्तीय रूप से मजबूत और विकास केंद्रित बताते हुए कहा कि भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना तभी साकार होगा जब शिक्षा और स्वास्थ्य में सरकारी निवेश को नई ऊंचाई दी जाएगी। चेयरमैन का आभार जताते हुए उन्होंने वित्त मंत्री को लगातार नौवां बजट पेश करने पर बधाई दी और इसे स्थिरता, निरंतरता और महिला नेतृत्व के उभार का प्रतीक बताया। पंजाब को 'गुरुओं, पीरों और पैगंबरों की धरती' बताते हुए गुप्ता ने कहा कि किसी भी बजट की असली कसौटी यह होती है कि उसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने सरकार के वित्तीय अनुशासन की सराहना करते हुए 4.3 प्रतिशत के घाटा लक्ष्य और 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के पूंजीगत व्यय को 'विकसित भारत' की दिशा में मजबूत कदम बताया। टैक्स सुधार, देसी दवा उद्योग को समर्थन, महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं और भारत-एव ट्रेड एग्रीमेंट की भी उन्होंने प्रशंसा की, लेकिन साथ ही चेताया कि निरंतर आर्थिक विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर में और निवेश जरूरी है।



## शिक्षा पर फोकस, 6% GDP खर्च की मांग

गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये का आवंटन सकारात्मक है, लेकिन कुल खर्च GDP का 4.1 से 4.6 प्रतिशत ही है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसे 6 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। उन्होंने स्कूल फीस में बढ़ोतरी, 90 हजार से अधिक स्कूलों के बंद होने और सरकारी स्कूलों पर घटते भरोसे पर चिंता जताई। शिक्षा के कमर्शियलाइजेशन को संविधान की भावना के खिलाफ बताते हुए उन्होंने स्वतंत्र शिक्षा आयोग, सरकारी स्कूलों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और शिक्षा-रोजगार-उद्यमिता क्लस्टर बनाने का सुझाव दिया।

## हेल्थ बजट बढ़ाने की जरूरत

स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत, आयुर्वेद और मेडिकल टूरिज्म की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि GDP का करीब 1.9 प्रतिशत खर्च पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सरकारी अस्पतालों को मजबूत करने, पिछड़े क्षेत्रों के अस्पतालों को टैक्स राहत और आयुष्मान भारत कवरेज बढ़ाने की मांग रखी।

## सीनियर सिटिजन, महिलाएं और टरटए

करीब 15 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों का उल्लेख करते हुए गुप्ता ने किराया-कर में राहत और सुरक्षित ब्याज की जरूरत बताई। महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल, चाइल्डकेयर और सरकारी खरीद में प्राथमिकता की बात कही। टरटए सेक्टर, जिसमें 11 करोड़ से ज्यादा लोग काम करते हैं, के लिए लॉन्ग-टर्म कैपिटल और मजबूत डेवलपमेंट बैंक की मांग रखी।

## मोहाली सेमीकंडक्टर लैब के लिए पैकेज

पंजाब की औद्योगिक क्षमता पर जोर देते हुए उन्होंने मोहाली स्थित सेमीकंडक्टर लैब को आधुनिक फैब्रिकेशन यूनिट में बदलने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की मांग की। उन्होंने कहा, 'यह केवल पंजाब नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता का सवाल है।'

अपने संबोधन के अंत में गुप्ता ने कहा कि आर्थिक नीतियों का असली लाभ क्लासरूम, अस्पताल, खेत और घरों तक पहुंचना चाहिए। जब कल्याण हर व्यक्ति तक बराबरी से पहुंचेगा, तभी भरोसा मजबूत होगा और समावेशी विकास सच्चाई बनेगा।

# बिना अनुमति के केबल बिछाने का आरोप, ढकोली में लोगों ने रुकवाया काम



जीरकपुर, यूटर्न, 12 फरवरी। किशनपुरा से एवरग्रीन सोसाइटी ढकोली की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर एक निजी इंटरनेट कंपनी द्वारा कथित रूप से नगर परिषद की अनुमति के बिना केबल बिछाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर स्थानीय निवासियों ने कड़ा विरोध जताते हुए मौके पर काम रुकवा दिया और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित कंपनी रात के समय सड़क किनारे खुदाई कर इंटरनेट केबल डाल रही थी। उनका कहना है कि यदि कंपनी के पास नगर परिषद की विधिवत अनुमति है तो कार्य दिन के उजाले में और पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। रात में काम करने से नियमों की अनदेखी का संदेह उत्पन्न होता है।

निवासियों ने बताया कि नगर परिषद से सड़क या अन्य सार्वजनिक स्थान पर केबल डालने के लिए निर्धारित प्रक्रिया और शुल्क तय है। बिना अनुमति कार्य करना नियमों का उल्लंघन है और इससे नगर परिषद के राजस्व को भी नुकसान हो सकता है। लोगों का आरोप है कि शुल्क से बचने के लिए ही रात के समय कार्य किया जा रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के की जा रही खुदाई से सड़क को नुकसान पहुंच रहा है, जिससे भविष्य में गड्ढे बनने और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। उन्होंने मांग की है कि नगर परिषद और संबंधित विभाग मौके पर पहुंचकर जांच करें तथा यदि अनुमति नहीं ली गई है तो कंपनी पर जुर्माना लगाया जाए। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो वे सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। समाचार लिखे जाने तक नगर परिषद के अधिकारियों का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ सका था।

# उद्योग भवन में NITMA प्रतिनिधिमंडल की केंद्रीय मंत्रियों से अहम मुलाकात, टेक्सटाइल उद्योग के प्रमुख मुद्दे उठाए

नई दिल्ली, यूटर्न, 11 फरवरी। नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन (NITMA) के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा राज्य मंत्री जितिन प्रसादा से महत्वपूर्ण मुलाकात की। यह बैठक संक्षिप्त होने के बावजूद अत्यंत सार्थक और प्रभावशाली रही।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व NITMA के अध्यक्ष सिद्धार्थ खन्ना ने किया। उनके साथ आरती इंटरनेशनल ग्रुप के विनायक मित्तल तथा महासचिव पंकज शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने उद्योग जगत का प्रतिनिधित्व किया।



बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भारत-यूरोपीय संघ (India–EU) और भारत-अमेरिका (India–US) व्यापार समझौतों के सफल निष्पादन पर दोनों मंत्रियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने इन समझौतों को भारतीय टेक्सटाइल उद्योग के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे निर्यात को नई गति मिलेगी, वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और निवेश का माहौल मजबूत होगा।

सीमित समय के बावजूद NITMA ने उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया। प्रमुख मांगों में कॉटन पर आयात शुल्क हटाने की मांग शामिल रही, ताकि कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और मिलों की उत्पादन लागत नियंत्रित रह सके।

इसके अलावा, संशोधित भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते (India–ASEAN FTA) के तहत पॉलिएस्टर स्टेपल फाइबर (PSF) और पॉलिएस्टर स्पन यार्न (PSY) के लिए टैरिफ समानता सुनिश्चित करने का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा गया, जिससे घरेलू उद्योग को सस्ते आयात के कारण प्रतिस्पर्धात्मक नुकसान न उठाना पड़े।

# सुखना चो पर बन रहा पुल बना मुसीबत, कच्चे रास्ते में धंसीं दो गाड़ियां

जीरकपुर, यूटर्न, 12 फरवरी। बलटाना स्थित सुखना चो पर निर्माणाधीन पुल इन दिनों राहत की बजाय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अधूरे निर्माण और अस्थायी कच्चे रास्ते के कारण क्षेत्रवासियों व रोजाना आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार सुबह स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब पुल के ऊपर बनाए गए अस्थायी कच्चे मार्ग पर दो वाहन मिट्टी में धंस गए। बताया जा रहा है कि सड़क पर डाली गई ढीली मिट्टी और कीचड़ के कारण वाहनों के पहिए फिसलकर गहराई तक धंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को बाहर निकाला। इस दौरान मार्ग पर लंबा जाम लग गया और राहगीरों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से निर्माण कार्य लगभग ठप पड़ा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। पुल अधूरा होने के कारण लोगों को मजबूरन असुरक्षित और कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जो बारिश या नमी के समय और अधिक खतरनाक हो जाता है। पुल बंद होने से लोगों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इससे दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, स्कूल जाने वाले बच्चों और व्यापारियों को रोजाना देरी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार एंबुलेंस और अन्य आपात सेवाओं को भी रास्ता बदलना पड़ता है, जिससे जोखिम बढ़ सकता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372